प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.06.2017 1945बजे

“ मुख्य समाचार”

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देशवासियों से आह्वान– अपने उत्पाद व सेवाएं बेचने के लिए करें ई–मार्केट और जी.ई.एम. पोर्टल का उपयोग– लोकतंत्र की मूल भावना मज़बूत करने की भी अपील।
- प्रदेश के सभी संसदीय क्षेत्रों में भाजपा की परिवर्तन रथ यात्रा जारी– भाजपा नेताओं ने सरकार की नीतियों को कोसा।
- पूर्व विधायक सदानन्द चौहान का निधन– अंत्येष्टी कल नाहन में।
- पहली ओलंपिक खेलें हमीरपुर में संपन्न– 50 पदकों के साथ हमीरपुर ज़िला पहले स्थान पर रहा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपने उत्पाद व सेवाएं सरकार को बेचने के लिए ई–मार्केट और जी.ई.एम. पोर्टल का उपयोग करने को कहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ये पोर्टल न्यूनतम सरकार–अधिकतम प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग पूरे विश्व को जोड़ने का माध्यम बन गया है और आज पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति सजग हुआ है। उन्होंने कहा कि मंगल यान मिशन 6 महीने के लिए था लेकिन इसके एक हज़ार दिन पूरे हो चुके हैं और ये अब भी अंतरिक्ष से तस्वीरें व जानकारी भेज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज भारत अंतरिक्ष में भी अपना परचम लहरा रहा है। स्वच्छता के संबंध में उन्होंने कहा कि अब ये सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जन–जन का आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभिभावकों से बच्चों को खेलों की तरफ प्रोत्साहित करने का आह्वान भी किया। उन्होंने लोकतंत्र की मज़बूती पर बल देते हुए कहा कि ये हमारी पहचान है। प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में प्रकाश त्रिपाठी के पत्र की चर्चा की जिन्होंने 25 जून 1975 में लगाए आपात काल को एक काला खण्ड बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते के बजाय पुस्तक या रूमाल देकर करने का आग्रह किया और कहा कि खादी के रूमाल के उपयोग से ग्रामोद्योग से जुड़े गरीबों की मदद हो सकती है।

परिवर्तन यात्रा

प्रदेश के सभी चार संसदीय क्षेत्रों में इन दिनों भाजपा की परिवर्तन रथ यात्रा तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की रथ यात्रा आज धर्मशाला पहुंची जिसे विपक्ष के नेता प्रेम कुमार धूमल ने संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की कार्यप्रणाली से हर वर्ग निराश है और लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। पूर्व मंत्री किशन कपूर ने भी रैली को संबोधित किया। उधर, मण्डी संसदीय क्षेत्र की परिवर्तन रथ यात्रा आज सराज क्षेत्र के थुनाग में पहुंची जहां सांसद शांता कुमार ने कहा कि केन्द्र के पास पैसे की कोई कमी नहीं है मगर मुख्यमंत्री अदालतों से जमानत लेने में व्यस्त हैं और विकास के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार पर झूठी घोषणाएं करने का आरोप भी लगाया। इधर, शिमला संसदीय क्षेत्र की रथ यात्रा आज घणाहट्‌टी व शिमला नगर के संजौली पहुंची जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसका स्वागत किया। हरियाणा के कृषि मंत्री ओम प्रकाश धनकड़ ने दावा किया कि परिवर्तन रथ यात्रा को मिल रहे जन समर्थन से आगामी विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है। सांसद वीरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से एक तरफ जहां लोग खुश हैं वहीं हिमाचल की जनता अब कांग्रेस को सत्ता से बाहर करना चाहती है।

कौल सिंह

स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने मण्डी ज़िले में द्रंग क्षेत्र के बरोट में बस योग्य सड़क और उहल नदी पर बने पुल का आज उद्‌घाटन किया। इस पर करीब 2 करोड़ रूपए की लागत आई है। उन्होंने बरोट–म्योट सड़क पर राज्य परिवहन निगम की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

नड्‌डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्‌डा ने समाज की सेवा में अध्यात्म के योगदान की सराहना की है। कुल्लू में आज सुबह एक सौ 8 कुंडीय महायज्ञ में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से मन और आंतरिक चेतना को नई शक्ति मिलती है। उनकी पत्नी मल्लिका नड्‌डा और विधायक महेश्वर सिंह भी इस मौके मौजूद रहे। जगत प्रकाश नड्‌डा ने इससे पहले ऋषि युग्म जीवन वृत्त दर्शन प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह अपने मंत्रिमण्डल के सदस्यों व कुछ कांग्रेस विधायकों के साथ आज सुबह दिल्ली चले गए हैं। समाचार एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के अनुसार राष्ट्रपति पद के लिए यू.पी.ए. की उम्मीदवार मीरा कुमार के नामांकन पत्र पर प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर करने के लिए वे दिल्ली गए हैं। उल्लेखनीय है कि मीरा कुमार 27 जून को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

अनिल शर्मा

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र की कठासु पंचायत में करीब साढ़े 25 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इनमें पंचायत सभागार का लोकार्पण व धार में पशु औषधालय भवन की आधारशिला भी शामिल है। उन्होंने बटाढ़ में पशु अस्पताल खोलने की घोषणा भी की। मुख्य संसदीय सचिव रोहित ठाकुर भी इस मौके उनके साथ मौजूद रहे।

निधन

नाहन के पूर्व विधायक सदानन्द चौहान का आज दोपहर चण्डीगढ़ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे कैंसर से पीड़ित थे और उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा। सदानन्द चौहान ने वर्ष 2003 में लोक जन शक्ति पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह नाहन में किया जाएगा। सदानन्द चौहान के निधन से नाहन में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रदर्शनी

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के तहत दृश्य व प्रचार निदेशालय डी.ए.वी.पी. द्वारा शिमला में आयोजित 5 दिवसीय प्रदर्शनी आज सम्पन्न हो गई। विश्वास है–हो रहा विकास है नामक इस प्रदर्शनी को स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों ने खूब सराहा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जनधन योजना व उज्जवला योजना समेत केन्द्र सरकार की 3 वर्ष की उपलब्धियों व कार्यक्रमों को चित्रों के माध्यम से इसमें प्रदर्शित किया गया।

ओलंपिक

हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा करवाई गईं राज्यस्तरीय ओलंपिक खेलें आज हमीरपुर में सम्पन्न हो गईं। विपक्ष के नेता प्रेम कुमार धूमल ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया जबकि बॉलीवुड अभिनेता सुनील शैट्‌टी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रेम कुमार धूमल ने विजेताओं को स्वर्ण, कांस्य व रजत पदक देकर नवाज़ा। खेलों में 7 स्वर्ण पदकों के साथ कुल 50 पदक जीत कर हमीरपुर ज़िला पहले स्थान पर रहा। शिमला को दूसरा और कांगड़ा ज़िला को तीसरा स्थान हासिल हुआ। इस अवसर पर धूमल ने कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिला है और खिलाड़ियों की संख्या बढ़ेगी। राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने बताया कि आयोजन से करीब 50 हज़ार युवा ओलंपिक टॉर्च रन का हिस्सा बने और करीब 11 सौ खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने का मौका मिला। अभिनेता सुनील शैट्‌टी ने उम्मीद जताई कि अनुराग ठाकुर क्रिकेट की तरह अन्य खेलों में भी हिमाचल को बुलंदियों पर पहुंचाएंगे।

दौड़

नशे की बुराई के खिलाफ प्रदेश पुलिस ने आज शिमला में विभिन्न वर्गों के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में हर आयुवर्ग के लोग शामिल हुए। 75 वर्ष से अधिक आयुवर्ग

में शिमला के टुटू के बी.सी. भारद्वाज ने पहला स्थान हासिल किया। विजेताओं को नागालैंड के पूर्व राज्यपाल अश्वनी कुमार ने पुरस्कृत किया। दौड़ में राज्य के सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक 83 वर्षीय रतीराम वर्मा भी शामिल हुए और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने। इससे पहले सुबह पुलिस महानिदेशक संजय कुमार ने दौड़ को हरी झण्डी दिखाई। दौड़ का स्लोगन रहा 'यही है संकल्प हमारा–नशा मुक्त हिमाचल प्यारा'।

<u>शूलिनी मेला</u>

राज्यस्तरीय शूलिनी मेले के तीसरे दिन आज कुश्ती प्रतियोगिता और पारम्परिक खेल ठोडा आकर्षण का केन्द्र रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल सहित पड़ोसी राज्यों से आए कई नामी–गिनामी पहलवानों ने अपना दम–खम दिखाया जबकि पारम्परिक नृत्य व ठोडा खेल को देखने के लिए भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। उद्योग मंत्री मुकेश अग्निहोत्री और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने कल शाम सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठाया।